# सामाजिक विज्ञान

## कक्षा 8

### (राजनीतिक विज्ञान)

### अध्याय 3: संसद तथा कानूनों का निर्माण




**To get notes visit our website**


**mukutclasses.in**

# अभ्यास के प्रश्न

**प्रश्न 1: राष्ट्रवादी आन्दोलन ने इस विचार का समर्थन किया कि सभी वयस्कों को मत देने का अधिकार होना चाहिए?**
उत्तर: औपनिवेशिक शासन के अनुभवों और संघर्षों से राष्ट्रवादियों को विश्वास हो गया की स्वतंत्र भारत में सभी लोग अपने जीवन को प्रभावित करने वाले फैसलों में हिस्सा लेने की क्षमता रखते हैं। राष्ट्रवादियों का मानना था कि सरकार की मनमानियां को रोकने के लिए सभी व्यस्कों को मत डालने का अधिकार प्राप्त होना चाहिए। इसलिए संविधान में सार्वभोमिक वयस्क मताधिकार के सिद्धान्त को अपनाया गया।

**प्रश्न 2. बगल में 2004 के संसदीय चुनाव क्षेत्रों का नक्शा दिया गया है। इस नक्शे में अपने राज्य के चुनाव क्षेत्रों को पहचानने का प्रयास करें। आपके चुनाव क्षेत्र के सांसद का क्या नाम है ? आपके राज्य से संसद में कितने सांसद जाते हैं? कुछ निर्वाचन क्षेत्रों को हरे और कुछ को नीले रंग में क्यों दिखाया गया है ?**

उत्तर: हमारे चुनाव क्षेत्र के सांसद का नाम रमेश बिधूड़ी है। हमारे राज्य से संसद में सात सांसद जाते हैं। हरे रंग के निर्वाचन क्षेत्र अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं। नीले रंग के निर्वाचन क्षेत्र अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं।




**प्रश्न 3. अध्याय 1 में आपने पढ़ा था कि भारत में प्रचलित 'संसदीय शासन व्यवस्था' में तीन स्तर होते हैं। इनमें से एक स्तर संसद (केंद्र सरकार) तथा दूसरा स्तर विभिन्न राज्य विधायिकाओं (राज्य सरकारों) का होता है। अपने क्षेत्र के विभिन्न प्रतिनिधियों से संबंधित सूचनाओं के आधार पर निम्नलिखित तालिका को भरें-**

| | राज्य सरकार | केन्द्र सरकार |
|---|---|---|
| कौन सा/से राजनीतिक दल अभी सत्ता में है/हैं? | | |
| आपके क्षेत्र से निर्वाचित प्रतिनिधि कौन है। | | |
| अभी कौन-सा रजनीतिक दाल विपक्ष में है? | | |
| पिछले चुनाव कब हुए थे ? | | |
| अगले चुनाव कब होंगे ? | | |
| आपके राज्य से कितनी महिला प्रतिनिधि हैं ? | | |

उत्तर:

| | राज्य सरकार | केन्द्र सरकार |
|---|---|---|
| **कौन सा/से राजनीतिक दल अभी सत्ता में है/हैं?** | आम आदमी पार्टी | भाजपा |
| **आपके क्षेत्र से निर्वाचित प्रतिनिधि कौन है।** | श्री प्रकाश जारवाल | श्री रमेश बिधूड़ी |
| **अभी कौन-सा रजनीतिक दाल विपक्ष में है?** | भाजपा | कांग्रेस |
| **पिछले चुनाव कब हुए थे ?** | 2020 | 2019 |
| **अगले चुनाव कब होंगे ?** | 2025 | 2024 |
| **आपके राज्य से कितनी महिला प्रतिनिधि हैं ?** | 8 महिला प्रतिनिधि | 1 महिला प्रतिनिधि |

**प्रश्न 4. घरेलू हिंसा पर नया कानून किस तरह बना, महिला संगठनों ने इस प्रक्रिया में अलग-अलग तरीके से क्या भूमिका निभाई, उसे अपने शब्दों में लिखिए।**

उत्तर: महिला संगठनों को औरतों के साथ घर में बुरा बर्ताव की शिकायते मिलने लगी। इस तरह की घटनाओं से निपटने के लिए नए कानून की मांग उठती रही। आखिरकार 2002 में संसद में इस पर एक विधेयक पेश किया गया। महिला संगठनों और राष्ट्रीय महिला आयोग ने इस विधेयक में बदलाव के लिए आवाज उठाई। दिसंबर 2002 में स्थायी समिति ने अपनी सिफारिशें राज्य सभा को सौंप दी। इन सिफारिशों को लोकसभा में भी पास किया गया। स्थाई समिति ने महिला संगठनों की अधिकतर मांगों को मान लिया था। 2005 में नया विधेयक दोनों सदनों में पारित हुआ। इसके बाद बिल पर राष्ट्रपति के हस्ताक्षर हुए और यह कानून बन गया। घरेलू हिंसा महिला सुरक्षा कानून 2006 से लागु कर दिया।

MUKUTclasses